<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में दो सौ अट्ठानबे करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– शताब्दी महोत्सव तक हर नागरिक को मिलेगी आरोग्यता की गारंटी।
- प्रदेशभर में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। सुलह–समझौते के आधार पर नागरिकों को मिला त्वरित न्याय।
- अयोध्या में दीपोत्सव को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारी शुरू। सरयू नदी के घाटों पर रौशन किये जायेंगे छब्बीस लाख से अधिक दीये। आगामी उन्नीस अक्टूबर को आयोजित किया जायेगा प्रदूषण मुक्त ग्रीन फायर वर्क्स शो।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों में रूक–रूक कर हो रही है वर्षा। वर्षा और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने दो सौ अट्ठानबे करोड़ रुपये लागत की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान श्री योगी ने पचास करोड़ रुपये लागत की गामा नाइफ मशीन और राज्य के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर का शुभारम्भ भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चौमुखी विकास के लिये समय की रफ्तार से तालमेल बनाकर चलना होगा।

***2047 में भारत जब अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हर नागरिक के चेहरे पर आरोग्यता की गारंटी भी हम दे पाएंगे बेहतरीन स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से, इसकी शुरूआत आज से ही होनी चाहिए, यद्यपि पिछले आठ वर्ष में हम लोगों ने इस दिशा में कई कदम बढ़ाये हैं, आप याद करिये मेडिकल कालेज की संख्या दुगुनी से भी अधिक हो गयी, प्रदेश में यहां के चिकित्सा संस्थानों में एम0बी0बी0एस0 की यूजी की जो सीट्स थीं, उसमें ढाई गुना का अंतर आया है, पीजी की सीट्स में तीन गुना का अंतर आया है। सुपर स्पेसिलिटी में तीन गुना से अधिक सीट्स हम लोगों ने बढ़ाने में सफलता प्राप्त की आज हर जनपद में आईसीयू की सुविधा है मिनी आईसीयू भी है डायलिसिस की सुविधा है, अब ब्ज स्केन भी 72 जनपदों में लग चुके हैं***

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहिया संस्थान में पिछले कुछ ही वर्षो में बीस बेड्स से बढ़कर एक हजार तीन सौ पचहत्तर बेड्स का विस्तार किया गया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद थे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल सुशीला कार्की को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्रीमती सुशीला कार्की नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

***मैं आज नेपाल में अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने पर 140 करोड़ भारतवासियों की तरफ से श्रीमती सुशीला जी को हार्दिक बधाई देता हूं। नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में सुशीला जी का आना, महिला सशक्तिकरण का बहुत उत्तम उदाहरण है।***

उधर, नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सभी दलों से पांच मार्च दो हजार छब्बीस को होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन किये गये। इस दौरान दीवानी और गैर आपराधिक मामलों को सुलह समझौता के आधार पर निपटाया गया। इसके अलावा पारिवारिक मुकदमे, यातायात–चालान, बैंक विवाद, नगर निगम से संबंधित गृहकर और जलकर सहित अनेक मामलों का निस्तारण भी किया गया। राज्य में इस साल यह तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई, जिसमें न्यायायिक अधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले–जिले में आयोजित की जा रही इन अदालतों के माध्यम से आम नागरिकों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा हैं।

**********

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद द्वारा आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई घरेलू वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती के साथ उनका यह सपना साकार हुआ है। स्टेशनरी वस्तुओं के लिए किए गए सुधारों पर एक रिपोर्ट–

***नए ढांचे के तहत नोटबुक, ग्राफ बुक, रबड़, पेंसिल, क्रेयोन, शार्पनर सभी प्रकार के चार्ट्स, मैप, अटलस और ग्लोब जैसी स्टेशनरी वस्तुओं पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा। इसके अलावा ज्योमेंट्री बॉक्स, कलर बॉक्सेस और कागज या पेपर बोर्ड से बने बॉक्सेस पर 12 प्रतिशत का स्लेब घटकर पांच प्रतिशत का लाभ लगाया जाएगा। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए दिल्ली की एक छात्रा ने इस नए फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा को सुलभ और किफायती बनाने का सरकार का यह कदम सराहनीय है।***

***मैं एक छात्र होने के नाते स्टेशनरी आइटम्स पर जीएसटी में कटौती का स्वागत करती हूं। इससे हमारी रोजमर्रा की पढ़ाई से जुड़ी जरूरी चीजें थोड़ी सस्ती हो जाएंगी। इससे हमारे पेरेंट्स का आर्थिक बोझ भी काम होगा और हमारे बेहतर क्वालिटी की चीज भी लेने में आसानी होगी।***

***इन वस्तुओं पर जीएसटी में कमी से परिवारों और विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे शिक्षण सामग्री की लागत कम होगी। शिवांग मिश्रा के साथ सौम्या शरण आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

राज्य सरकार ने अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आगामी उन्नीस अक्टूबर को दीपोत्सव के दौरान ग्रीन फायर वर्क्स शो का आयोजन किया जायेगा। यह आतिशबाजी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी। करीब दस मिनट तक चलने वाला यह शो संगीत, लेज़र इफेक्ट्स और आधुनिक कोरियोग्रॉफी से सजा होगा। इस बार के दीपोत्सव पर राम की पैंड़ी और सरयू नदी के घाटों पर छब्बीस लाख से अधिक दीपक रौशन किये जायेंगे।

**********

प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कल मथुरा में वृंदावन अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा संचालित रसोईघर का दौरा किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि अक्षयपात्र फाउंडेशन के माध्यम से राज्य के कई जगहों पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा आपदा के समय में भी यह संस्था बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है।

***प्रदेश भर में कई जगहों पे अक्षय पात्रा के माध्यम से बच्चों को मिड्डे–मील का जो भोजन है वो उपलब्ध कराया जाता है और गुणवत्ता भी उसकी बहुत अच्छी होती है अक्षय पात्रा के सहयोग से हम सब लोग बहुत जगहों पे लाखों बच्चों को अच्छा भोजन, गुणवत्तापरक भोजन और गरम पका हुआ भोजन उपलब्ध करा पा रहे हैं, उनके सहयोग से सरकार उनसे साथ में मिल करके कार्य करती है। बाढ़ के समय में भी जब लोगों को राहत की आवश्यकता है और भोजन की आवश्यकता है, जो राहत केंद्रों में वहाँ पर भी अक्षय पात्रा के द्वारा अपना सहयोग दिया जा रहा है।***

**********

सेवा पखवाड़ा के अवसर पर समाज कल्याण विभाग एक विशेष आयोजन करने जा रहा है। कर्मयोगी पखवाड़े का यह आयोजन सत्रह सितम्बर से दो अक्टूबर तक किया जायेगा। इस दौरान विभागीय अधिकारी, नियमित और संविदा कर्मी तथा शिक्षक कर्मयोगी पोर्टल **डब्लू डब्लू डब्लू आई जीओटी डॉट कर्मयोगी डॉट जीओवी डॉट इन** पर पंजीकरण कर के विभिन्न ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को पूरा करेंगे। रजिस्ट्रेशन की आज आखिरी तारीख है।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित सभी पूर्वी जिलों में कल देर रात से ही आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थिति बनी हुयी हैं, जिसके चलते अगले दो दिन तक गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर वर्षा होती रहेगी। उधर, वर्षा और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी तथा मथुरा में यमुना नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। प्रदेश के गोरखपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, मथुरा, अलीगढ़, अमरोहा, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव सहित दो दर्जन से अधिक जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रदेश सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित स्थानों पर राहत और बचाव कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हिन्दी भाषा के महत्व पर चर्चा के लिये विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी को लेकर निबंध और भाषण जैसी विविध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी। इससे पूर्व कल हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर भी तरह–तरह के कार्यक्रम हुए।

**********